" हमारे कोरोना योद्धा राजेश भारद्वाज जी हाल ही में कोरोना वायरस के चलते गुजर गये। मैं आज उनके परिवार से मिला और उसे एक करोड़ रुपए की सहायता राशि दी। मैं आशा करता हूं कि परिवार को इस राशि से कुछ मदद मिलेगी।" —— अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री

उन्हें भरोसा है कि दोनों देशों के बीच व्यापक सामरिक साझेदारी और मजबूत होगी।

—— एस जयशंकर, विदेश मंत्री

जेईई : मैथ्स व फिजिक्स के पेपर थे लेंथी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

नई दिल्ली।

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा बुधवार को देशभर में बीई और बीटेक में दाखिले के लिए जेईई मेन परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान कोरोना के प्रति एहतियात बरतते हुए परीक्षा कराई गई। बुधवार को इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए परीक्षा का पहला दिन था। परीक्षा में छात्रों को मैथ्स और फिजिक्स के सेक्शन में कुछ प्रश्न लेंथी लगे।

जेईई परीक्षा के एक्सपर्ट व फिटजी नोएडा के प्रमुख रमेश बटिलश ने बताया कि जेईई के 300 अंको के पेपर में 75 प्रश्न आए। फिजिक्स के 25 प्रश्नों में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न थे और सेक्शन दो में 5 संख्यात्मक प्रश्न थे। सही जवाब के लिए चार अंक निर्धारित किए गए थे और गलत जवाब के लिए एक अंक की निगेटिव मार्किंग की गई थी। इसमें कुछ सवाल लंबे थे। भाग दो में केमेस्ट्री पर आधारित 25 प्रश्न आए। इसमें 20 बहुविकल्पीय प्रश्न थे और दूसरे भाग में 5 संख्यात्मक प्रश्न थे। सही जवाब के लिए चार अंक और गलत जवाब के लिए एक अंक की निगेटिव मार्किंग थी। पेपर के भाग तीन में मैथ्स के 25 प्रश्न थे। पहले भाग में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न थे और भाग दो में 5 न्यूमेरिकल आधारित प्रश्न थे। इसमें भी सही जवाब के लिए चार अंक और गलत जवाब के लिए एक अंक की निगेटिव मार्किंग थी। इसमें भी कुछ सवाल लंबे थे। पेपर में बारहवीं से ज्यादा ग्यारवीं कक्षा पर आधारित प्रश्न आए।

300 अंकों के पेपर में आए 75 प्रश्न

बारहवीं से अधिक ग्यारहवीं कक्षा से थे प्रश्न

जेईई एंट्रेंस में 55 फीसद छात्र अनुपस्थित रहे

नई दिल्ली (एसएनबी)। जेईई एंट्रेंस परीक्षा के पहले दिन ही कोरोना वायरस का असर दिखा। ज्यादातर परीक्षा केन्द्रों पर 55 फीसद छात्र कोरोना वायरस के डर के कारण अनुपस्थित रहे।

बीते मंगलवार को देशभर में आयोजित जेईई एंट्रेंस परीक्षा पर कोरोना की मार पड़ने से कई छात्रों का भविष्य खतरे में आ गया है। एनएसयूआई ने कहा कि शुरू से ही संगठन वर्तमान माहौल में किसी भी प्रकार की परीक्षाओं के आयोजन के खिलाफ है लेकिन उसके बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा जबरन छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ दुखद है। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन का कहना है कि ज्यादातर परीक्षा केन्द्रों से 55 फीसद छात्रों की अनुपस्थिति दिखाती है कि ज्यादातर छात्र वर्तमान समय में परीक्षाओं के खिलाफ थे। हमारा भाजपा सरकार से अनुरोध है कि जिन छात्रों की परीक्षा छूटी है उनके लिए दोबारा परीक्षा देने की कोई योजना बनाई जाए।

'डॉ. पद्मावती गॉड मदर ऑफ कॉर्डियोलॉजी के रूप में जानी जाएंगी'

नई दिल्ली (एसएनबी)। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डा. हर्षवर्धन ने बुधवार को देश की पहली महिला हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवारामाकृष्ण अय्यर पद्मावती (103) की श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए उन्हें गॉड मदर ऑफ कॉर्डियोलॉजी के विशेषण से संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि उन्हें सदैव इस विशेषण से जाना जाएगा। डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि मेरे लिए यह श्रद्धांजलि सभा नहीं, बल्कि वर्चुअल प्रेरणा सभा है। डॉ. पद्मावती ने कॉर्डियोलॉजिस्ट के रूप में हजारों डॉक्टरों को प्रेरणा दी। वे स्वयं में एक संस्था थीं। उनके नाम में देवों के देव महादेव शिवा, भगवान राम और भगवान श्रीकृष्ण का समावेश है, इसलिए उनमें जनिहत, मर्यादा और कर्म के सभी गुण शामिल थे।

उनके नहीं रहने से मुझे और सभी डॉक्टरों को आघात लगा। उन्होंने जिस प्रतिबद्धता और सेवा भावना के साथ रोगियों का उपचार किया और उनकी रोग की जटिलताओं को दूर किया, वे अपने क्षेत्र में रोल मॉडल बन गईं। इस क्षेत्र की सभी महान उपलब्धियों का श्रेय डॉ. पद्मावती को जाता है। उन्होंने मानवता की निरंतर सेवा की और रोगियों के कष्ट दूर करने के प्रयास किए। मैं स्वास्थ्य मंत्री के रूप में अपनी और डॉक्टर समुदाय, केंद्र के अन्य मंत्रियों तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से दिवंगत डॉ. पद्मावती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

देश की पहली महिला हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवारामाकृष्ण अय्यर पद्मावती की श्रद्धांजलि सभा में बोले डा. हर्षवर्धन

यह भी : नेशल हार्ट इंस्टीट्यूट के निदेशक एवं प्रख्यात कार्डियालॉजिस्ट डॉ. ओपी यादव के अनुसार रंगून मेडिकल कॉलेज में पद्मावती पहली महिला विद्यार्थी थीं। 90 वर्ष की आयु में वे यूरोपीय सोसाइटी ऑफ कॉर्डियोलॉजी की फैलो बनीं। पद्म विभूषण डॉ. पद्मावती का दिल्ली में कॉर्डियोलॉजी क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा। उन्होंने दिल्ली में लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में लेक्चरर के रूप में कार्य शुरू किया और मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज में विभिन्न पदों पर काम किया। उन्होंने जीबी पंत अस्पताल में पहला कॉर्डियोलॉजी विभाग स्थापित किया। डॉ. पद्मावती ने 1962 में ऑल इंडिया हार्ट फाउंडेशन की स्थापना की। अपनी सेवानिवृत्ति के पश्चात 1981 में उन्होंने नेशनल हार्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना की और वहां 103 वर्ष की आयु तक रोगियों की सेवा, सुश्रुषा करती रहीं। बीते सप्ताह उन्होंने अन्तिम सांस ली थी।

आईआईटी में होगी स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की स्थापना

नई दिल्ली (एसएनबी)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली अपने कैंपस में एक स्वतंत्र स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की स्थापना करेगा। संस्थान पहले से ही एआई में अनुसंधान और शैक्षिक गतिविधि के लिए देश और एशिया में अग्रणी है। सीएस रैंकिंग डॉट ऑर्ग के अनुसार दस वर्षों में एआई के क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों की संख्या के आधार पर आईआईटी दिल्ली देश में नंबर एक है। स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उद्देश्य भारत में आईआईटी दिल्ली के नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करना होगा और इसके वैश्विक स्तर पर सुधार होगा। स्कूल अगले साल जनवरी से पीएचडी कार्यक्रम शुरू करेगा। स्कूल द्वारा पीजी स्तर के डिग्री पाठ्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है। आईआईटी दिल्ली के निदेशक प्रो. वी रामगोपाल राव ने कहा कि किसी राष्ट्र की प्रगति उसकी एआई क्षमता पर निर्भर करेगी। एआई कंपनियों और एआई नौकरियों की संख्या में भारत दुनिया में 5 वें स्थान पर है। हालांकि हम एआई शोधकर्ताओं की संख्या और एआई अनुसंधान की गुणवत्ता और मात्रा के मामले में पिछड़ रहे हैं।

मेड्स में इंटर्न्स का बढ़ा स्टाइपेंड

नई दिल्ली (एसएनबी)। मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंसेज (मेड्स) के बीडीएस पाठ्यक्रम के इंटर्न का स्टाइपेंड बढ़ा दिया है। इसकी इंटर्न कई साल से मांग कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने आंदोलन भी किया था। अब इनका स्टाइपेंड बढ़ाकर एमबीबीएस इंटर्न के बराबर 23,500 कर दिया गया है। पहले इन्हें 17,500 रुपए स्टाइपेंड मिलता था। एमएएमसी की निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. संगीता तलवार द्वारा जारी आदेश के मुताबिक स्टाइपेंड में बढ़ोत्तरी कैबिनेट के निर्णय के बाद दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव द्वारा जारी आदेश के आधार पर की गई है। यह बढ़ा हुआ स्टाइपेंड का आदेश एक अगस्त 2019 से लागू होगा। वहीं, इंटर्न सचिन ने बताया कि स्टाइपेंड बढ़ाने के लिए सभी इंटर्न काफी समय से मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हुई है। इसके बढ़ने से अब हम अपना खर्च आसानी से चला सकेंगे। इससे पहले कम पैसे में खर्च चलाने में परेशानी आ रही थी।

दिवाली तक बनकर तैयार हो जाएगा बदरपुर आली लोहिया पुल : बिधूड़ी

नई दिल्ली (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से बदरपुर आली लोहिया पुल इसी वर्ष दिवाली तक बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए हम योगी का तहेदिल से आभार प्रकट करते हैं। यह बात दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामबीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को पुल के निरीक्षण के दौरान कही। इस मौके पर दक्षिण दिल्ली की महापौर अनामिका सिंह और दक्षिण दिल्ली जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री मिथिलेश सिंह आदि उपस्थित थे।

आईपी यूनिवर्सिटी में इस बार नहीं होगा एंट्रेंस टेस्ट

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली सरकार के गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी में सत्र 2020-21 में दाखिले को लेकर मुश्किल बढ़ गई है। अब ये तय हो गया है कि यूनिवर्सिटी में इस बार एंट्रेंस टेस्ट से दाखिले नहीं होंगे। उप मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद हॉयर एजुकेशन डिपॉर्टमेंट ने यूनिवर्सिटी को पत्र लिखकर इस महीने होने वाले एंट्रेंस टेस्ट पर रोक लगा दी है। इस संबंध में विभाग ने उप मुख्यमंत्री के निर्देश का हवाला दिया है। यूनिवर्सिटी अब दाखिले के लिए किसी दूसरे विकल्प पर विचार कर रहा है। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने यूनिवर्सिटी द्वारा 25 अगस्त को एंट्रेंस टेस्ट कराए जाने के नोटिफिकेशन जारी होने के अगले ही दिन हॉयर एजुकेशन डिपॉर्टमेंट को एक पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हम एंट्रेंस टेस्ट नहीं करा सकते। विभाग को लिखे पत्र में उप मुख्यमंत्री ने कहा था कि यूनिवर्सिटी में दाखिले को लेकर कोई और तरीका निकाला जाए। लेकिन विभाग द्वारा कोई तरीका नहीं निकला गया। अब उच्च शिक्षा विभाग ने एंट्रेंस टेस्ट का विकल्प ढूंढने का काम यूनिवर्सिटी को दे दिया है। टेस्ट का विकल्प तलाशना यूनिवर्सिटी के समक्ष एक बड़ी चुनौती है। अभी तक दाखिले को लेकर कोई नया नोटिफिकेशन जारी नहीं किया है। यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए इस बार देशभर से 1.70 लाख छात्रों ने आवेदन किया है। यूनिवर्सिटी में 67 कोर्सेज में दाखिले होने हैं।

दाखिले के लिए देश भर से 1.70 लाख छात्रों ने किया है आवेदन

'बच्चों को शिक्षा से जोड़ना मेरी प्राथमिकता'

पूर्वी दिल्ली (एसएनबी)। पूर्वी दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रोमेश गुप्ता ने कहा कि यमुना खादर में रह रहे बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और निगम स्कूलों में नई शिक्षा नीति के अनुरूप व्यवस्था लागू करना उनकी प्राथमिकता होगी। रोमेश गुप्ता ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा न केवल निगम के काम-काज की दृष्टि से बल्कि राष्ट्र के विकास की दृष्टि से भी अहम क्षेत्र है। शिक्षा समिति अध्यक्ष ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से किसी देश का भविष्य तय होता है। गुप्ता ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान वे निगम स्कूलों में स्वच्छता, स्वच्छ शौचालय, स्मार्ट बोर्ड, सीसीटीवी, गार्ड रूम, आधुनिक कंप्यूटर लैब आदि की बेहतरी की दिशा में काम करेंगे। निगम स्कूली व्यवस्था में पारदर्शिता व सुगमता स्थापित करना भी उनकी प्राथमिकता होगी। गुप्ता ने कहा कि निगम विद्यालयों के ग्रुप-डी व शिक्षकों की समस्याओं के निवारण हेतु अधिकतम प्रयास किए जाएंगे। स्कूलों में नवाचारों के प्रयोग पर जोर दिया जाएगा। शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी। सामाजिक संस्थाओं और आरडब्ल्यूए को भी निगम स्कूलों से जोड़ा जाएगा। गुप्ता ने कहा कि अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद को और मजबूत बनाने के लिए नियमित तौर पर पीटीएम (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) आयोजित किए जाएंगे।

पूर्वी दिल्ली नगर निगम की शिक्षा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने शिक्षा की बेहतरी के लिए काम करने की कही बात

PREMIER REGISTRATION SERVICE
Patent & Trademark Attorneys
Off. Add. : 8/1 Rajinder Nagar, New Delhi-110060. INDIA
Phones : +91-11-25861168 AND +91-11-25761755
Fax : +91-11-25725467 AND +91-11-45041733
Email : patent@vsnl.com AND patent72@gmail.com
Web Sites : http://patentindia.org AND http://indiapatent.net

CAUTION NOTICE

OUR CLIENT M/s. Sinq Beverages Private Limited (a Private Limited Company), having address: **Block-A, Plot No. 60/4, G.T. Karnal Road Industrial Area, Delhi-110033** are the registered proprietors of the following trade marks in respect of alcoholic and non-alcoholic beverages including Beer in India:

That the above said trade mark word *perse* and labels are registered before the Registrar of Trade Marks, New Delhi under Trade Mark Numbers: 3530705, 3751895, 3846194, 4144795 and 4144796. The above said trade marks have been used openly and continuously since the year 2018 by our client in India.

That our client has learned that some people/companies have been misusing their above said trade marks; have been posing as their agents and trying to procure financial securities on behalf of our client.

PUBLIC NOTICE is hereby given that any **unauthorized use**, stocking of goods bearing the same or deceptively similar trade mark **BAD MONKEY** with/without the artistic works by any other person, firm and or by dealers and also the use of the word **"BAD MONKEY"** as a corporate name for same or similar goods would constitute infringement/passing off of our client's rights and this would render the offender punishable under the civil and/or criminal law whereby holding him/them liable for all costs and consequences which may also result in seizure of goods.

It is further notified that our client **M/s. Sinq Beverages Private Limited has NOT AUTHORIZED** any agent to procure deals and/or financial securities in lieu of procurement of goods under above said trade mark. Our client **M/s. Sinq Beverages Private Limited** will not be responsible for any financial securities paid to any third party without the knowledge/consent of our client or its authorized agents.

Dated this 28th day of August, 2020

PREMIER REGISTRATION SERVICE
(Patent and trade mark Attorneys)
8/1, Rajinder Nagar, New Delhi-110060.
Phones: 25861168, 25761755; Fax: 25725467, 25815350
Email Address: docketing@premierip.in, info@premierip.in

NEHA CHUGH
Advocate
E. No.D-266/2009

कानपुर फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड
(पूर्व में कानपुर फर्टिलाइजर्स एंड सीमेंट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
सी आई एन : U24233UP2010PLC040828
पंजीकृत कार्यालय : सेक्टर–128, नोएडा–201304 (उ.प्र)
ई मेल : kfcl.investor@jalindia.co.in वेबसाइट : www.kfclkanpur.com
दूरभाष : +91(120)4609000 फैक्स : +91(120)4963122

10वीं वार्षिक साधारण सभा तथा बुक क्लोजर की सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :

1. **कंपनी की दसवीं वार्षिक साधारण सभा ("दसवीं एजीएम") शनिवार, 26 सितम्बर, 2020 को प्रातः 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विडियो माध्यमों ("वीसी/ओएवीएम")** की सुविधा के माध्यम से कंपनीज अधिनियम, 2013 तथा उसके अंतर्गत निमित्त नियमों के साथ कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी जनरल सर्कुलर नं. 14/2020, 17/2020 तथा 20/2020 तिथि 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020 तथा 5 मई, 2020, क्रमशः ("एमसीए सर्कुलर/स") के अनुसार लागू होनेवाले प्रावधानों के अनुपालन में, दसवीं एजीएम के नोटिस में निर्दिष्ट व्यवसायों को निष्पादित करने के लिये, किसी स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, आमंत्रित की गई है ।
2. एमसीए सर्कुलर के अनुसार दसवीं एजीएम की सूचना, जिसमें 31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष की वित्तीय समीक्षा सलंग्न है (वार्षिक विवरणी), ई मेल के द्वारा केवल उन सदस्यों को दिया गया है, जिनके ई मेल पते कंपनी के पास अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंटस के पास पंजीकृत है । सदस्यों को दसवीं एजीएम की सूचना और वार्षिक विवरणी की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकताओं को एमसीए सर्कुलर के द्वारा समाप्त कर दिया गया है।
3. 19 सितंबर, 2020 की कट ऑफ तिथि को, भौतिक अथवा डीमैट पद्धति में शेयर धारित करने वाले सदस्य, दसवीं एजीएम के सूचना में उल्लेक्षित प्रक्रिया के अनुरूप सूचना में निर्दिष्ट साधारण एवं विशेष व्यवसाय पर मतदान कर सकते हैं ।
4. कोई व्यक्ति जो ई मेल के द्वारा दसवीं एजीएम के नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बना हो, और कट ऑफ तिथि 19 सितंबर, 2020, को शेयर धारण करता हो, वो कंपनी की वेबसाईट www.kfclkanpur.com पर उपलब्ध नोटिस में लॉगिन विवरण की जानकारी को देख सकता है ।
5. किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य 011-49828625 या kfcl.investor@jalindia.co.in पर अधिकृत प्रतिनिधि से संपर्क कर सकते हैं।
6. भौतिक रूप में शेयर धारण करने वाले वो सदस्य, जिनका ई मेल पता कंपनी के पास पंजीकृत नही है, अपना ई मेल पता अपना नाम, फोलिओ संख्या और पूरा पता लिखकर हस्ताक्षरित आवेदन पत्र, पैन कार्ड की स्वयं हस्ताक्षरित स्कैन् प्रति सदस्य कंपनी के पास पंजीकृत पते पर किसी भी दस्तावेज (जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, चुनाव पहचान पत्र, पासपोर्ट) की स्वयं हस्ताक्षरित स्कैन प्रति kfcl.investor@jalindia.co.in ई मेल पते कर भेज कर पंजीकृत कर सकते हैं। डिमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी के साथ अपना ई मेल पता अपडेट करें।
7. कंपनीज अधिनियम 2013 के अंतर्गत निमित्त नियमों के साथ पढ़े जाते हुए धारा 91 के प्रावधानों के अनुरूप, सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर अंतरण पुस्तकें **शनिवार, 19 सितंबर, 2020 से शनिवार, 26 सितंबर, 2020** (दोनों दिवस सहित) दसवीं एजीएम हेतु बंद रहेंगी।

कृते **कानपुर फर्टिलाइजर्स एण्ड केमिकल्स लिमिटेड**

दिनांक : 3 सितंबर, 2020
स्थान : नई दिल्ली

JAYPEE GROUP

सुमन लता
(कंपनी सचिव)
एफसीएस–4394

JUBILANT FOODWORKS LIMITED
CIN NO. L74899UP1995PLC043677
Regd. Office: Plot No. 1A, Sector – 16A, Noida – 201301 (U.P.)
Corporate Office: 5th Floor, Tower D, Plot No. 5, Logix Techno Park, Sector-127, Noida – 201304 (U.P.)
Contact No: +91-120-4090500, Fax No: +91-120-4090599, E-mail: investor@jublfood.com
Website: www.jubilantfoodworks.com

STATEMENT OF STANDALONE AND CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2020

(Figures-INR in Lakhs, Unless Otherwise Stated)

Sr. No.	PARTICULARS	STANDALONE RESULTS			CONSOLIDATED RESULTS			STANDALONE RESULTS	CONSOLIDATED RESULTS
		For the Quarter ended			For the Quarter ended			For the year ended	For the year ended
		30th June 2020	31st March 2020	30th June 2019	30th June 2020	31st March 2020	30th June 2019	31st March 2020	31st March 2020
		Unaudited	Refer note no. 4	Unaudited	Unaudited	Refer note no. 4	Unaudited	Audited	Audited
1	Total Income from Operations (net)	38,028.17	89,785.12	94,008.86	38,841.01	90,875.07	94,911.10	388,577.65	392,727.40
2	Net Profit/(Loss) for the period/ year (before Tax, Exceptional and / or Extraordinary items)	(9,593.13)	5,727.40	11,405.35	(9,769.70)	5,450.50	11,078.81	43,831.39	42,769.60
3	Net Profit/(Loss) for the period/year before Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(9,593.13)	2,498.37	11,405.35	(9,769.70)	4,211.52	11,078.81	39,350.36	40,278.62
4	Net Profit/(Loss) for the period/ year after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items)	(7,262.81)	2,104.73	7,477.87	(7,447.91)	3,253.44	7,148.18	27,545.19	27,879.89
5	Total Comprehensive Income for the period/ year [comprising Profit/ (Loss) for the period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax]	(7,663.69)	2,055.79	7,425.14	(7,786.08)	3,274.23	7,055.53	27,262.76	27,609.03
6	Equity Share Capital	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90	13,196.90
7	Reserves excluding Revaluation Reserve as at Balance Sheet date							105,096.96	99,005.67
8	Earnings/ (Loss) per share (after exceptional items) (of INR.10/- each)								
	a) Basic (in INR.)	(5.50)	1.59	5.67	(5.60)	2.51	5.43	20.87	21.22
	b) Diluted (in INR.)	(5.50)	1.59	5.67	(5.60)	2.51	5.43	20.87	21.22

Notes:

1. These unaudited financial results have been prepared in accordance with the recognition and measurement principles as laid down in the Indian Accounting Standards (referred to as "Ind AS") prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with Companies (Indian Accounting Standards) Rules as amended from time to time. The above standalone and consolidated unaudited financial results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their meetings held on 2nd September, 2020. The statutory auditor's report on review of quarterly standalone and consolidated unaudited financial results for the quarter ended 30th June, 2020 is being filed with the BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited.
2. During the current quarter consequential to COVID 19 pandemic the Company has negotiated several rent concessions. In view of recent amendments by the Companies (Indian Accounting Standards) Amendment Rules, 2020, the Company has elected, as a practical expedient, not to assess these rent concessions as lease modifications and has recognized impact of such rent concession in Statement of Profit and Loss. The election is made for all such rent concessions as these satisfy the conditions mentioned in Para 46A and Para 46B of Ind AS 116 (as amended). Accordingly an amount of INR 2,943.35 lakhs related to rent concessions has been reduced from Rent expense included under Other expenses. After adjusting the rent expense for the quarter amounting to INR 908.28 lakhs, the net rent savings accounted in Other expenses is INR 2,035.07 lakhs (In consolidated unaudited financial results an amount of INR 2,965.80 lakhs related to rent concessions has been reduced from Rent expense included under Other expenses. After adjusting the rent expense for the quarter amounting to INR 935.64 lakhs, the net rent savings accounted in Other expenses is INR 2,030.16 lakhs).
3. The Company's business activity falls within a single business segment i.e. Food and Beverages in terms of Ind AS 108 on Segment Reporting.
4. The figures for the quarter ended 31st March, 2020 in the previous financial year, as reported in these unaudited financial results, are the balancing figures between audited figures in respect of the full previous financial year and the published year to date figures upto the end of third quarter of the previous financial year.
5. The COVID- 19 situation across the country continued to adversely affect the normal operations (including dine-in) of the restaurants resulting in lower sales and profits, partially offset by various cost saving measures taken by the Company. The Company has made detailed assessments of its liquidity position for the next one year and of the recoverability and carrying values of all its assets and liabilities as at 30th June, 2020 and on the basis of evaluation based on the current estimates has concluded that no material adjustments is required in the financial results.
   Given the uncertainties associated with nature, condition and duration of COVID- 19, the impact assessment on the Company's financial statements will be continuously made and provided for as required.
6. The above is an extract of detailed format of unaudited financial results for the Quarter ended 30th June, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the unaudited financial results are available on the Stock Exchanges websites (www.bseindia.com and www.nseindia.com) and on Company's website (www.jubilantfoodworks.com).

For and on behalf of the Board of Directors of
Jubilant FoodWorks Limited
Sd/-
SHYAM S. BHARTIA
CHAIRMAN & DIRECTOR
DIN No. 00010484

Place: Delhi
Date : 2nd September, 2020

कार्यालय नगर निगम फिरोजाबाद

पत्रांक : 419/पी.डब्लू.डी./ई-निविदा सूचना/ 2020-21 दिनांक : 02.09.2020

ई-निविदा सूचना

नगर निगम फिरोजाबाद द्वारा नगरीय अवस्थापना विकास निधि, 14वें वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नियमानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदायें अधिकृत वेबसाइट www.etender.up.nic.in पोर्टल पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्नवतत है :-

क्र. सं.	ई-निविदा संख्या	कार्य की संख्या	विवरण	तिथि व समय
1.	417/पी.डब्लू.डी./ई-निविदा सूचना/2020-21 (नगरीय अवस्थापना विकास निधि/ 14वें वित्त आयोग)	2	ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय	03.09.2020 01.00 P.M 03.09.2020 01.00 P.M 11.09.2020 01.00 P.M 11.09.2020 02.00 P.M
2.	06/निर्माण/2020-21 (राज्य वित्त आयोग)	1	ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय	03.09.2020 01.00 P.M 03.09.2020 01.00 P.M 14.09.2020 03.00 P.M 14.09.2020 04.00 P.M
3.	07/निर्माण/2020-21 (नगरीय अवस्थापना विकास निधि/14वें वित्त आयोग)	142	ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय	11.09.2020 09.00 A.M 11.09.2020 09.00 A.M 01.10.2020 06.00 P.M 03.10.2020 10.00 A.M
4.	08/निर्माण/2020-21 (राज्य वित्त आयोग)	1	ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय तकनीकी निविदा खोले जाने की तिथि/समय	03.09.2020 01.00 P.M 03.09.2020 01.00 P.M 09.09.2020 03.00 P.M 09.09.2020 04.00 P.M
	कुल	146		

नोट : शेष नियम व शर्तें www.etender.up.nic.in पोर्टल पर देखी जा सकेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
नगर निगम, फिरोजाबाद